**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3597**

**दिनांक 21 मार्च, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का कार्यान्वयन**

**†3597. श्री जी. लक्ष्मीनारायणः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत शामिल किए गए स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों की राज्य-वार/जिला-वार संख्या कितनी है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश के लिए निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में की गई कुल जांचों की संख्या सहित प्रथम-स्तरीय और द्वितीय-स्तरीय जांचों का राज्य-वार/जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या आरबीएसके के कार्यान्वयन में, विशेषकर आंध्र प्रदेश में, कोई विशिष्ट चुनौतियों की पहचान की गई है और यदि हां, तो उन्हें दूर करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं;

(घ) आंध्र प्रदेश में स्थापित और वर्तमान में संचालित डीईआईसी की संख्या सहित जिला प्रारंभिक हस्तक्षेप केंद्रों (डीईआईसी) का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या आंध्र प्रदेश में जिला-वार प्रत्येक डीईआईसी में दिशानिर्देशों के अनुसार आवश्यक संख्या में कर्मचारी और उपकरण उपलब्ध हैं और साथ ही किसी भी कमी को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क): राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, आन्ध्र प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत शामिल किए गए स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या का ब्यौरा अनुलग्नक की तालिका-I में दिया गया है।

(ख): राज्य की रिपोर्टों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश के लिए निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों में जांच किए गए बच्चों का ब्यौरा अनुलग्नक की तालिका-II में दिया गया है।

(ग): आरबीएसके कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा, क्षेत्रीय दौरे और राज्य नोडल अधिकारियों के साथ आवधिक बैठकें, वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (एपीआईपी) की प्रक्रिया के दौरान समीक्षाएं और सामान्य समीक्षा मिशन (सीआरएम) किए जाते हैं।

(घ): राज्य द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार आन्ध्र प्रदेश राज्य में 34 जिला प्रारंभिक अंतःक्षेप केन्द्रों (डीईआईसी) को प्रचालित कर दिया गया है।

(ङ): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत क्षमता निर्माण सहित डीईआईसी में अवसंरचना, अनिवार्य उपकरण, और अपेक्षित मानव संसाधनों के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनकी वार्षिक कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं के आधार पर तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। अंतराल विश्लेषण के आधार पर, राज्य डीईआईसी के इष्टतम कार्यकरण के लिए सुधारात्मक उपाय करते हैं।

**अनुलग्नक**

**दिनांक 21 मार्च 2025 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3597 के उत्तर के भाग (क) और (ख) में संदर्भित अनुलग्नक**

**तालिका-I**

आन्ध्र प्रदेश में पिछले पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत शामिल किए गए स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों की संख्या

| | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|
| आरबीएसके के तहत शामिल किए गए स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या | 92,232 | उपलब्ध नहीं * | उपलब्ध नहीं * | 77,392 | 65,701 |

* 2020-21 और 2021-22 में कोविड महामारी के दौरान चल स्वास्थ्य टीमों के माध्यम से जांच बाधित हुई थी क्योंकि आंगनवाड़ियों और स्कूलों को बंद कर दिया गया था।

**तालिका-II**

आंध्र प्रदेश के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में जांच किए गए बच्चों की संख्या

| | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** |
|---|---|---|---|---|---|
| लक्ष्य | 73,58,322 | 73,58,322 | 74,50,0000 | 81,90,000 | 69,01,780 |
| स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में जांच की कुल संख्या | 64,22,896 | उपलब्ध नहीं * | उपलब्ध नहीं * | 52,09,000 | 51,00,000 |

* 2020-21 और 2021-22 में कोविड महामारी के दौरान चल स्वास्थ्य टीमों के माध्यम से जांच बाधित हुई थी क्योंकि आंगनवाड़ियों और स्कूलों को बंद कर दिया गया था।

*****